तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 एसआईआर को लेकर सियासी सरगर्मी तेज, कांग्रेस ...



11 मठ-मंदिर की भूमियों पर अतिक्रमण, 30 दिन ..



## खबर संक्षेप

### 85 लाख के गबन के मामले में तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** किसानों से बैंक का लोन वसूल कर स्वयं रकम को रख कर बैंक से गबन करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ईसाफ स्माल फायनेंस बैंक शाखा दुर्ग प्रबंधक मोहित देशमुख ने शिकायत की थी कि ग्राम चंदखुरी निवासी हिरन बाई साहू समेत अन्य 239 ग्राहकों से ईसाफ बैंक के लोन के रूप में 85 लाख रुपए वसूल कर आरोपियों ने अपने पास रख लिया था। ऋण लेने वाले उपभोक्ताओं को बैंक से नोटिस मिलने के बाद घटने का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी ग्राम रेंगाकठेरा जिला राजनांदगांव निवासी सतीश कुमार सिन्हा, डोंगरगढ़ टिकेश कुमार, लोरमी जिला मुंगेली अमित कुमार ध्रुव को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया कि बैंक के रकम को वसूल कर स्वयं के उपयोग में लाया गया। आरोपियों ने 84 लाख 98 हजार 940 रूपये खर्च कर गबन किया। कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में पुलिस ने भेज दिया है।

### मुरमुंदा में सड़क हादसे में महिला की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र का है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम मुरमुंदा चौक से गोढ़ी सड़क के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। एक बाइक सवार परिवार समेत सड़क पर गिर पड़ा। तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने महिला को रौंद दिया। घटना 10 नवंबर की रात 8.30 बजे की है। उमदा भिलाई तीन निवासी लोकेश अपनी पत्नी नीलम और मां बिसवंतीन के साथ बाइक से घटियाखुर्द रिश्तेदार के यहां हुआ था। तीनों रात में अपने घर उमदा लौट रहे थे। तभी मुरमुंदा चौक के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त था कि दोनों वाहन सवार सड़क पर गिर पड़े। घटना में लोकेश,उसकी मां बिसवंतीन बाई को गंभीर चोटें आईं। गिरने से पत्नी नीलम रात्रे की साड़ी पास से गुजर रही अज्ञात ट्रक के पिछले हिस्से में फंस गई। ट्रक ने नीलम को घसीटते हुए लेकर गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

### सहकारी समिति के हड़ताली कर्मचारियों को नोटिस जारी

**भिलाई।** सहकारी समिति के हड़ताल को लेकर शासन और महासंघ आमने-सामने हो गए है। धान खरीदी को केवल तीन दिन बाकी है। ऐसे में शासन ने हड़ताली कर्मचारियों को काम पर वापस लाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। समिति प्रबंधक से लेकर सभी कर्मचारियों को शासन ने नोटिस जारी कर दिया है। वहीं धमतरी के नोडल अधिकारी के खिलाफ एफआईआर भी करवाने के लिए पत्र जारी किया है।

# ढोलिया की एनएसएस इकाई ने बिलई में लगाया सात दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ मुख्य अतिथि डॉ. संजय शर्मा ने कहा - "सेवा और अनुशासन से बनता है सशक्त समाज"

रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया, बेमेतरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बिलई में 6 नवंबर से 12 नवंबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समापन समारोह 12 नवंबर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, बिलई परिसर में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. संजय शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बिलई के सरपंच श्री नीरा कृष्णा साहू तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की प्राचार्या श्रीमती यशोदा साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने की। शिविर का संचालन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साक्षी बजाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. यू. के.ध्रुव, डॉ. टी. डी. साहू, डॉ. असित कुमार पांडे, श्रीमती कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. भारती बघेल, डॉ. प्रीति पैंकरा, डॉ. राजेश्वरी कुर्रे, डॉ. सरिता शर्मा एवं श्री संजीव गुर्जर उपस्थित रहे।

### नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक से दी सामाजिक जागरूकता की सीख



#### स्वयंसेवकों ने दी नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से किया गया। स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामवासियों को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ. संजय शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्वयंसेवकों के सामाजिक समर्पण की भावना की प्रशंसा की और ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और सहयोग की भावना के साथ समाजहित में कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किया गया तथा अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## मुरता की मुरझाई उम्मीदें: दो-दो टंकियां, पर गांव फिर भी बूंद-बूंद को मोहताज

# मुरता में करोड़ों की लागत से बनी टंकी फकत शो पीस, 7 साल बाद भी जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



जिले की ग्राम पंचायत मुरता में इस बार गर्मी का मौसम अभी आया नहीं, लेकिन पानी की तपिश पहले से महसूस की जा रही है। गांव में जहां दो पानी टंकियों के निर्माण का दावा किया गया है, वहीं नलों में अब भी हवा और शिकायतें निकल रही हैं। एक तरफ जर्जर पुरानी टंकी है, दूसरी तरफ नई टंकी का ढांचा - जो पिछले कई सालों से सिर्फ देखने लायक बनकर खड़ा है। दरअसल मुरता में बनी पहली टंकी का निर्माण करीब दो दशक पहले हुआ था। अब इसकी दीवारों पर सीलन, छत पर दरारें और नीचे सूखी नलियां इसकी बेरुखी की कहानी कहती हैं। 2018 में करीब 3 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से नई टंकी स्वीकृत हुई - 2 लाख 10 हजार लीटर की क्षमता, योजनाओं में मॉडल प्रोजेक्ट कहा गया। पर आज 2025 तक आते-आते यह टंकी सिर्फ ढांचे का नमूना बन गई है। न कनेक्शन जुड़ा, न पाइपलाइन बिछी - और न ही एक बूंद पानी उस तक पहुंच सका। गांव के लोगों ने तंज कसते हुए कहा - टंकी जरूर है, लेकिन काम नहीं करती.. जैसे कई लोग गांव में! ग्राम पंचायत स्तर से लेकर विभाग तक कई बार निरीक्षण और रिपोर्ट बनाई गईं। लेकिन हर बार परिणाम वही - प्रक्रिया जारी है। कागजों में सब ठीक, लेकिन गांव में अब भी बाल्टी से कुएं तक का सफर रोज़ की मजबूरी है। कुछ घरों में हैंडपंप तो हैं, लेकिन उनमें भी अब पानी नालियों से गहरी बात बन चुका है।

**औसत से कम बारिश ने बढ़ाई परेशानी:** इस साल जिले में औसत से कम वर्षा दर्ज की गई, जिससे भूजल स्तर तेजी से नीचे चला गया है। पंचायत के कई हैंडपंप सूख चुके हैं और आने वाले महीनों में हालात और भयावह होने की आशंका है। ग्रामीण अब टैंकरों के सहारे हैं - जो कभी आते हैं, कभी नहीं। एक ग्रामीण ने व्यंग्य में कहा - टैंकर भी अब मौसम की तरह हो गए हैं - कब आएंगे, कोई भरोसा नहीं।

**लाखों खर्च, फिर भी प्यास कायम:** पेयजल व्यवस्था के नाम पर पंचायत में हर साल लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं। पाइपलाइन बिछाने, मोटर सुधारने और टंकी मरम्मत के नाम पर कई बार बजट जारी हुआ, पर नल अब भी सूखे हैं और उम्मीदें भी।

### ग्रामीणों की आवाज - अब फाइलें नहीं, पानी चाहिए

गांव के लोगों ने स्थानीय प्रशासन और अधिकारियों से मांग की है कि टंकियों को तुरंत चालू किया जाए और गांव में स्थायी पेयजल व्यवस्था बनाई जाए।दगांव की महिलाएं रोज़ सुबह से शाम तक पानी के लिए दूर - दूर तक पैदल चलने को मजबूर हैं। टंकी का नाम सुनकर पहले लगता था, अब पानी मिलेगा... पर अब तो लगता है, बस फोटो खिंचवाने का नया ठिकाना मिल गया।

**विकास का ढांचा तो बन गया, अब उसमें पानी भरना बाकी है:** मुरता की कहानी सिर्फ एक गांव की नहीं, बल्कि कागजों पर पूरे हुए विकास की मिसाल है। ढांचा खड़ा है, फाइलें पूरी हैं, खर्च भी हुआ है - पर जनता अब भी प्यास से जूझ रही है।अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो गर्मी में मुरता का नाम सूखा गांव की सूची में जुड़ सकता है।

# नपं में 16 लाख के सोलर लाइट खरीद में 'भारी गोलमाल' का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

■ 30 पोल पर खर्च हुए 16 लाख, जांच की मांग तेज

नगर पंचायत साजा में हाल ही में स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइट परियोजना पर गंभीर वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, नगर पंचायत ने केवल 30 सोलर लाइट पोल लगाने पर लगभग 16 लाख रुपये की भारी भरकम राशि खर्च की है। स्थानीय जानकारों और विद्युत विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान बाजार दर के हिसाब से, सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सोलर स्ट्रीट लाइट इकाई (पोल सहित) लगाने का कुल खर्च लगभग 20,000 से अधिक नहीं होता। इस अनुमान के आधार पर, 30 लाइटों का अधिकतम खर्च लगभग 6 लाख रुपये होना चाहिए था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी खजाने को 10 लाख रुपये से अधिक का चूना लगाया गया है।

### रात में अंधेरा: गुणवत्ता पर बड़ा सवाल

भ्रष्टाचार के आरोपों को बल तब मिला जब ये लाइटें कथित तौर पर रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं दे रही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इतनी भारी कीमत चुकाने के बावजूद, लाइटें या तो बंद रहती हैं या उनकी रोशनी इतनी मंद है कि सड़क पर अंधेरा बना रहता है, जिससे परियोजना का मूल उद्देश्य ही विफल हो गया है। 16 लाख रुपये खर्च करने के बाद भी साजा की सड़कें अंधेरे में डूबी हैं। यह केवल पैसों का गोलमाल नहीं, बल्कि साजा के विकास के साथ खिलवाड़ है। ऐसे भ्रष्टाचारों के कारण ही हमारा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है।

**आचार संहिता के दौरान हुआ काम:** यह कार्य कथित तौर पर पिछली आचार संहिता के दौरान किया गया ▶▶| शेष पेज 11 पर

# नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को, राजस्व व दीवानी प्रकरणों के त्वरित निपटारे की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ प्रधान जिला न्यायाधीश सरोज नंद दास की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक



प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरोज नंद दास की अध्यक्षता में आगामी नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर के सफल आयोजन पर अधिक से अधिक संख्या में राजस्व प्रकरण के निराकरण के संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू बेमेतरा,मोहित सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अनिता कोशिमा रावटे, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा, की उपस्थिति में बैठक लिया गया।

अध्यक्ष द्वारा पुलिस विभाग को न्यायालय से पक्षकारों को प्री-सीटिंग हेतु जारी किये जा रहे नोटिस की तामिली पर विशेष ध्यान दिये जाने एवं राजस्व न्यायालयों मे लंबित राजीनामा योग्य अधिक से अधिक मामले निराकृत किए जाने का निर्देश प्रदान किया गया। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चैंक बाउन्स, के मामले, मोटरयान अधिनियम सं संबंधित प्रकरण, मोटर दुध टिना दावा प्रकरण, निष्पादन, बीमा, भरण-पोषण के प्रकरण ▶▶| शेष पेज 11 पर

## पूर्व जनपद अध्यक्ष ने उठाई आवाज कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# पूर्व पीएम राजीव गांधी की प्रतिमा के सामने दुकान के निर्माण का पुरजोर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भारत रत्न और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की प्रतिमा के आगे अब शायद श्रद्धांजलि के साथ खरीदारी भी हो सके। जनपद पंचायत नवागढ़ परिसर में प्रतिमा स्थल के ठीक सामने दुकानों का निर्माण शुरू होते ही क्षेत्र में चर्चा गर्म है। पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली सतीश मार्कण्डेय ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि महापुरुषों के सामने श्रद्धा होनी चाहिए, शटर नहीं। पत्र में उन्होंने लिखा कि 2023 में जब जनपद नवागढ़ में राजीव गांधी की प्रतिमा और गार्डन का सौंदर्यीकरण कराया गया था, तब उद्देश्य था - युवा पीढ़ी को प्रेरणा देना। लेकिन अब प्रतिमा के ठीक सामने दीवार खड़ी कर ईंटों से आदर्शों को ढंकने का प्रयास किया जा रहा है। अंजली मार्कण्डेय ने व्यंग्य करते हुए कहा - राजीव गांधी जी ने देश को डिजिटल युग दिया था, शायद इसलिए आज उनके सामने 'बिल्डिंग युग' की शुरुआत हो रही है।

**कलेक्टर से लगाई गुहार - दुकान नहीं, सम्मान चाहिए:** पूर्व अध्यक्ष ने जिला कलेक्टर बेमेतरा से आग्रह किया है कि निर्माण कार्य पर तुरंत रोक लगाई जाए, और जो अधिकारी इस काम को संरक्षण दे रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस पर रोक नहीं लगी तो महापुरुषों के सम्मान का मज़ाक बनता रहेगा, और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी।

**प्रतिमा के सामने उठी दीवार - तस्वीरों में दिखी सच्चाई:** पत्र के साथ भेजी गई तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि प्रतिमा के सामने पक्के निर्माण का कार्य जारी है। मिट्टी, सरिया और दीवारों के बीच से अब प्रतिमा की झलक मिलनी भी मुश्किल हो गई है। स्थानीय लोग भी कह रहे हैं — अब अगर श्रद्धांजलि देने जाएं, तो पहले दुकान की छाया से होकर जाना पड़ेगा।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आचार, पापड़, नमकीन, फिनायल, साबुन व धूपबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण जारी

# पीएम आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं का आजीविका प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला प्रशासन द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज पर आदिवासी विकास शाखा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत आने वाले 28 ग्रामों की स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए आजीविका एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना तथा उन्हें आधुनिक उत्पादन तकनीकों से परिचित कराना है। प्रशिक्षण के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स द्वारा महिलाओं को आचार, पापड़, नमकीन, फिनायल, साबुन, धूपबत्ती आदि उत्पादों के निर्माण की विस्तृत जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं में अत्यंत उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएँ प्रशिक्षण में भाग ले रही हैं तथा अपने समूहों के माध्यम से भविष्य में लघु उद्योग स्थापित करने की दिशा में रुचि प्रकट कर रही हैं। इससे महिलाओं को आजीविका संवर्धन के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त पहल मिलेगी।

**ग्रामीण महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना विकसित होगी: कलेक्टर :** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से ग्रामीण महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना विकसित होगी तथा वे परिवार और समाज की आर्थिक उन्नति में भागीदार बनेंगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि हर ग्राम की महिला स्वयं अपने पैरों पर खड़ी हो और स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए आर्थिक रूप से सक्षम बने। इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग तथा जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विपणन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन की दी गई जानकारी

कार्यक्रम का संचालन लाइवलीहुड कॉलेज के प्रशिक्षकों द्वारा किया गया तथा प्रशिक्षार्थियों को उत्पादन के विपणन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन रणनीतियों की जानकारी भी प्रदान की गई।

इसके साथ ही, महिलाओं को स्व-सहायता समूह के माध्यम से बैंकिंग, ऋण सुविधा, शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि से जोड़ने की जानकारी भी दी जा रही है ताकि वे भविष्य में अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकें। प्रशिक्षण के समापन पर सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा।

### कार्यक्रम उनके लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है: लाभार्थी महिलाएं

प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं ने बताया कि यह कार्यक्रम उनके लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। उन्हें पहली बार इतने व्यवस्थित तरीके से उत्पाद निर्माण और विपणन की जानकारी मिल रही है। प्रतिभागी महिलाओं ने कहा कि अब वे अपने गांवों में आचार, पापड़, साबुन और धूपबत्ती निर्माण का कार्य प्रारंभ कर अपने परिवार की आय बढ़ाने का प्रयास करेंगी।

# यूनिटी मार्च आज, लौह पुरुष पटेल की 150वीं जयंती पर देशभक्ति का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कल गुरुवार को समयः सायं 4 बजे से जिला मुख्यालय स्थित जयस्तंभ चौक में "यूनिटी मार्च" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यह "यूनिटी मार्च" देशभर में चलाए जा रहे भारत पदयात्रा अभियान का एक हिस्सा है, जिसकी शुरुआत भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर 2025 को की गई थी। इस राष्ट्रव्यापी पहल के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को प्रोत्साहित किया जा सके।

**देश की एकता एवं अखंडता के प्रति जागरूकता फैलाना है उद्देश्य :** इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ाना और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियाँ भी कि जाएंगी । बेमेतरा में होने वाला यह "यूनिटी मार्च" लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित रहेगा, जिनके आदर्श और राष्ट्रनिर्माण के योगदान से प्रेरणा लेते हुए यह कार्यक्रम युवाओं को देश की एकता और विकास के लिए समर्पित रहने का संदेश देगा।

# कामधेनु यूनिवर्सिटी में 29 करोड़ के कामों का बंटाधार, वीसी बंगला, रिसर्च टॉवर आज भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा के अस्तित्व में आने के बाद से घोटाले सामने आ रहे हैं। बावजूद इसके अब तक कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई है। वर्ष 2016-17 में छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए हाईटेक लैब बनाने के साथ अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए कार्ययोजना बनी। करीब 29 करोड़ के लिए 6 कामों की स्वीकृति ली गई। विश्वविद्यालय में कुलपति, कार्यपालक अधिकारियों सहित स्टाफ के लिए आवास बनाना तय किया गया। इसके अलावा नया प्रशासनिक भवन, कॉलेज बिल्डिंग का एक्सटेंशन तय किया गया। दुर्ग शहर के पद्मनाभपुर सब्जी मंडी के पास वेटरनरी क्लिनिक बनाए जाने की कार्ययोजना बनी। विश्वविद्यालय परिसर में सर्वसुविधायुक्त 50 सीटर गर्ल्स हॉस्टल के लिए भवन बनाने की स्वीकृति ली गई। इन सारे विकास कार्यों के लिए नेशनल एग्रीकल्चर बैंक ऑफ रूरल डेवलपमेंट ने 29 करोड़ रुपए दिए। विश्वविद्यालय के इन कार्यों को शुरू करने के लिए नाबार्ड की टीम ने भौतिक सत्यापन भी किया। बाद में नाबार्ड के छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय चीफ जनरल मैनेजर आरएम कुमार सहित टीम ने कामधेनु विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया था। इसके बाद काम शुरू हुआ, जो आर्थिक अनियमितता, घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गया। इन सारे कामों में कई काम अब भी अधूरे हैं। वीसी बंगला अब भी नहीं बन पाया है। वर्तमान कुलपति आरआरबी सिंह आज भी गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। रिचर्स टावर बिल्डिंग का काम अब भी अधूरा है।

पद्मनाभपुर में बना 3 करोड़ का क्लीनिकल कॉम्प्लेक्स का तो एक मंजिल निर्माण ही नहीं हुआ। खास बात यह है कि इन सभी मामलों में लंबे समय से जांच जारी है। उल्लास अरविंद देशमुख पर भी इन मामलों में जांच भी बैठी है, लेकिन कार्रवाई अब तक नहीं हो पाई है। वे अब भी कामधेनु यूनिवर्सिटी में परिवीक्षा अधिकारी के रूप में सेवारत हैं।

## घोटालों के खुलासे के बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन करते रहा लीपापोती, दोषी अफसर पर मेहरबानी

### वीसी को बंगले की दरकार, लेकिन 8 साल बाद भी भी काम शुरू नहीं, गेस्ट हाउस में रह रहे

29 करोड़ के कामों में वीसी बंगला का काम भी शामिल था, जो अब तक अधूरा है। जबकि दो कुलपति बदल चुके हैं। इसके अलावापशुपालन एवं कृषि के क्षेत्र में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में रिसर्च टॉवर बिल्डिंग बननी थी, जो अब भी अधूरी है। प्रयोगशाला के साथ रिसर्च पेपर जनरल पब्लिकेशन आदि कार्य किए जाने के उद्देश्य से यह कार्ययोजना बनी। इसके लिए नाबार्ड ने 8.75 करोड़ रुपए मिले थे। दुर्ग शहर के पद्मनाभपुर के पास सब्जी मंडी के करीब वेटरनरी क्लिनिक कॉम्पलेक्स बनाया गया है। इसके लिए करीब 2.72 करोड़ रुपए खर्च किए गए। यह बिल्डिंग आज भी अधूरी है। एक मंजिल इमारत का निर्माण ही नहीं किया गया। वेटनरी कॉलेज एक्सटेंशन बिल्डंग का निर्माण कराया गया। बिल्डिंग का पूरा एक फ्लोर बनाया गया। 8 से 10 बड़े कमरों का निर्माण कराया गया। 6.09 करोड़ रुपए इस पर खर्च किए गए। 1.33 करोड़ से एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के आवास बनाए गए। इस प्रकार तीन काम अब भी अधूरे हैं।



### शिकायत पर शिकायत लेकिन कार्रवाई कुछ भी नहीं

अनियमितता के अलग-अलग मामलों में अरविंद उल्लास देशमुख के खिलाफ जांच जारी है। बावजूद इसके किसी मामले में कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। हरिभूमि ने जब उनसे बात की, तो उन्होंने किसी भी मामले में बात रखने से इंकार कर दिया। 1.54 करोड़ की फर्जी बिलिंग, नियुक्ति, एमबी बुक में त्रुटि, छेड़छाड़, ट्रैवलिंग भत्ते में अनियमितता, 29 करोड़ के कामों में ड्रॉप बॉक्स के जरिए चहेते ठेकेदारों को काम दिलाने, आर्थिक अनियमितता बरतने, तत्कालीन कुलसचि के साथ सांठगांठ करने सहित कई अन्य मामलों में जांच की जा रही है। कई मामलों में जांच पिछले 5 सालों से चल रही है। फर्जी बिल के मामले में आर्थिक अनियमितता सामने आने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है।

## खबर संक्षेप

### कायस्थ सभा का स्वर्ण जयंती समारोह 14 को

**दुर्ग।** कायस्थ सभा दुर्ग के स्थापना दिवस 14 नवम्बर 1975 के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन कसारीडीह दुर्ग स्थित कायस्थ सभा भवन में शाम 7 बजे से किया जायेगा। कायस्थ सभा दुर्ग के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान महिलाओं एवं युवक युवतियों के लिए 12 नवम्बर को शाम 5 से 7 बजे से रंगोली एवं थाली सजाओ प्रतियोगिता तथा शाम 6 बजे से मेंहदी एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए 45 मिनट का समय निर्धारित होगा। इन सभी स्पर्धाओं के विजेताओं को 14 नवम्बर को शाम आयोजित होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ सभा, दुर्ग के स्थापना से लेकर अभी तक अध्यक्ष का पद सुशोभित करने वाले कायस्थ जनों को सम्मानित भी किया जायेगा। उल्लेखनीय है, कि इस स्वर्ण जयंती समारोह में दुर्ग के लगभग 200 से अधिक कायस्थ परिवारों के सदस्य हिस्सा लेंगे। आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की उत्पति पर आधारित नृत्य नाटिका भी प्रदर्शित की जायेगी। नृत्य नाटिका के निर्देशन डॉ. सरिता श्रीवास्तव करेंगी तथा कलाकारों में आराधना खरे, सुप्रिया वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव आदि कलाकार हिस्सा लेंगे।

## रिसाली निगम के अंतर्गत नहर किनारे और लोगों के घरों के सामने गड्ढे

# केबल डालने फुटपाथ का पेवर ब्लॉक उखाड़ा, दो नोटिस पर भी सुधार नहीं

**भिलाई।** टेलीकॉम कंपनी के ठेकेदार ने केबल डालने के लिए फुटपॉथ का पेवर ब्लॉक उखाड़ दिया गया। वहां पर गड्ढे भी खोदे और केबल डाल लिया लेकिन गड्ढे को नहीं भरा गया। रिसाली निगम कें अंतर्गत नहर किनारे से लेकर लोगों के घरों के सामने तक गड्ढे हैं। तीन महीने का वर्कआर्डर पूरा करने के बाद इसे यूं ही छोड़ दिया गया है। बच्चे यहां पर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे है। साइकिल और दुपहिया वाहन चालकों के लिए ये स्थान अब दुघर्टनाजन्य बन गया है। हैरत की बात है कि संबंधित एजेंसी को इस स्थानों का संधारण करने के लिए दो नोटिस भी दिया जा चुका है लेकिन कोई असर नहीं पड़ा।

### इन उदाहरणों से समझिए जानलेवा गड्ढों को



**केस 1**

वार्ड क्रमांक 16 नहर किनारे मोड़ पर ही फुटपॉथ को उखाड़कर केबल डाला गया है। यहां केबल डालने के बाद गड्ढे को पूरा नहीं भरा गया और न ही उखाड़े गए पेवर ब्लॉक को लगाया गया। मोड़ होने की वजह से शाम हो यहां गड्ढे लोगों को दिखाई नहीं देता और इसमें गिर जाते हैं।



**केस 2**

शीतला मंदिर के थोड़ी दूर आगे नहर किनारे केबल लगाने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं। यहां भी केबल डाला गया है लेकिन गड्ढे को पूरी तरह पाटा नहीं गया है। स्ट्रीट लाईट का प्रकाश भी यहां पर नहीं होता। इस मार्ग से सबसे ज्यादा आवाजाही लोगों की होती है। श्रमिक वर्ग शाम से रात तक अपने गांव वापस काम से लौटते हैं। अचानक गड्ढे होने की वजह से अनियंत्रित होकर सीधे नहर में गिर रहे हैं।

नोटः इस तरह की लापरवाही उमरपोटी मार्ग, स्टेशन मरोदा रिसाली क्षेत्र में बनी हुई है।

#### फुटपॉथ पर चलना हुआ मुश्किल

केबल डालने के लिए एजेंसी ने फुटपॉथ का पेवर ब्लॉक को ही निकाल दिया है। पेवर ब्लॉक फुटपॉथ से निकाले जाने की वजह से लोगों का यहां चलना मुश्किल हो गया है। रहवासी राकेश , विनोद, पूरन, राजू , रमेश प्रसाद आदि बताते हैं कि पूरी बारिशभर केबल वाले गड्ढो में लोग गिरकर घायल हुए हैं। बच्चे फुटपॉथ में दौड़ते-खेलते हैं और अचानक गिर जाते हैं। दो महीने से फुटपॉथ ठीक नहीं किया गया है और न ही गड्ढे भरे गए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में भी लाया गया लेकिन समस्या नहीं सुलझी।

#### निगम के नोटिस का भी कोई असर नहीं

केबल एजेंसी को रिसाली निगम ने केबल डालने के लिए बकायदा अनुमति दी है। निगम के मुताबिक अनुमति की शर्त में यह भी उल्लेख है कि केबल डालने के बाद पेवर ब्लॉक को फिर से लगाने और गड्ढे को पाटने का काम भी एजेंसी को करना है। लोगों की शिकायत के बाद निगम ने ठेका एजेंसी को दो बार नोटिस थमाया और इस समस्या को सुलझाने की कोशिश की लेकिन वर्तमान में हल नहीं निकला है। निगम का कहना है कि अंतिम नोटिस के बाद अमानत राशि से इस वर्क को निगम द्वारा करवाया जाएगा।

#### हर रोज हजारों लोगों की आवाजाही

केबल जहां डाले गए हैं वहां हर रोज हजारों लोगों की आवाजाही होती है। रिसाली, मरोदा, उमरपोटी, पाउवारा, पुरई सहित आसपास लगे दर्जनभर कालोनियों के लोग आते-जाते हैं। इसके अलावा मरोदा की एक बड़ी आबादी है जहां के लोग सीधे तौर पर प्रभावित है। रहवासी बताते हैं कि घरों के सामने से भी गड्ढे खोदकर केबल बिछाए गए हैं।

#### जब्त करेंगे अमानत राशि

केबल एजेंसी की अमानत राशि 60 हजार रुपए निगम में जमा है। गड्ढों को भरने और पेवर ब्लॉक को लगाने के लिए हमने दो नोटिस दिया है। तीसरा व अंतिम नोटिस भेजा जा रहा है। वर्क नहीं किया गया तो उनकी अमानत राशि जप्त करेंगे। गड्ढे भरने व पेवर ब्लॉक लगाने का काम निगम खुद करवाएगी। **-अखिलेश गुप्ता,** ई, रिसाली निगम

## स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने छात्राओं को किया साइकिल वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला

- एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण भी किया

स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9वीं कक्षा की नवप्रवेशी छात्राओं को सायकिल वितरित की।

इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि हम राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम गीत को पूरा गाने की प्रेरणा लें। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि आने वाले समय में दुर्ग शहर के सभी 71 स्कूलों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ जैसे पंखे, लाइट, आरओ पानी और कक्षाओं की पेंटिंग उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें आगे ले जाती है, जो आज पढ़ेगा वही जीवन में आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री यादव ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वार्ड 57 उरला में चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की घोषणा की और पांच हजार रूपए स्वेच्छानुदान दिया। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 40 छात्राओं तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला में 51 छात्राओं को साइकिल वितरित किया । इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रोजगार कार्यालय में लगेगा रोजगार मेला

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 13 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में चौहान इन्टरप्राइजेस दुर्ग, के 4 पद अकाउन्टेंट के 2 पद, मार्केटिंग मैनेजर के 2 पद, स्क्वेयर बिजनेस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के 100 पद कस्टमर केसर एक्सक्यूटिव, इस प्रकार कुल 104 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जायेगी। 12वी, बी.ई. बी.टेक., एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदाक प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है।

## छात्राओं ने भविष्य के सपनों को बताया, किसी ने तकनीकी तो किसी ने अभियंता बनने जताई इच्छा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बाल दिवस के उपलक्ष्य में अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन

- शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बघेरा में कार्यक्रम

शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बघेरा में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नवम्बर माह की थीम मैं भविष्य में क्या बनना चाहती हूँ पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य के सपनों को व्यक्त किया।



किसी छात्रा ने प्रशासनिक अधिकारी बनकर राष्ट्र सेवा की इच्छा जताई, तो किसी ने तकनीकी क्षेत्र में योगदान देते हुए आईआईटी अभियंता बनने का लक्ष्य बताया। सभी प्रतिभागियों ने दृढ़ संकल्प और निडरता के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की बात कहीं।कार्यक्रम में छात्राओं ने बताया कि उनके गुरुजनों के मार्गदर्शन से उन्हें अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता मिली। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय किसी भी राष्ट्र के विकास का प्रमुख स्तंभ है, क्योंकि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में शुरुआत विद्यालयों से ही करनी होगी।इस अवसर पर विभागीय टीम ने महिला सशक्तिकरण केंद्र, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर सुरक्षा, बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम तथा सखी वन स्टॉप सेंटर से संबंधित जानकारी भी छात्राओं को प्रदान की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया।

### डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 हुआ लागू

**दुर्ग।** पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिले के समस्त प्रमुख बैंकों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

इस संबंध में जिला कोषालय, दुर्ग द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक तथा ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स की मुख्य शाखाओं को पत्र प्रेषित किया गया है।डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का उद्देश्य पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी और डिजिटल बनाना है। यह संस्करण फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है।

## सांस्कृतिक रैली के साथ रासेयो शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम महमरा में सात दिवसीय विशेष

- महमरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

शिविर का समापन हुआ। सात दिनों तक निरंतर संचालित विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों ने ग्रामवासियों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ा।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ सुमीत अग्रवाल, क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग



दुर्ग ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवा शक्ति का ऐसा माध्यम है जो शिक्षा को समाज सेवा से जोड़कर संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करती है। छै केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक प्रक्रिया है जिसमें सेवाएं अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने की। उन्होंने शिविर के सात दिवसीय अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वयंसेवक ग्रामीण परिवेश में रहकर समाज की वास्तविक जरूरतों को समझते हैं। इस शिविर से छात्रों में नेतृत्व समन्वय एवं टीम भावना का विकास होता है। पूर्व माध्यमिक शाला महमरा की प्रधानपाठक परवीना हाशमी ने शिविर की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि छै शिविर से बच्चों एवं युवाओं में सेवा भाव, स्वच्छता और सामाजिक चेतना का विस्तार होता है। डॉ अंबरीश त्रिपाठी प्राध्यापक हिन्दी ने स्वयंसेवकों को समाज में अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हुए परिवर्तनकारी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।महमरा की सरपंच नर्मदा ठाकुर ने स्वच्छता, नशामुक्ति एवं जन-जागरूकता के लिए टीम को धन्यवाद देते हुए दोबारा इसी प्रकार के शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान एवं प्लास्टिक मुक्त ग्राम जागरूकता, नशा मुक्ति रैली एवं नुक्कड़ नाटक, सामाजिक सर्वे एवं स्कूल में शैक्षिक सहायता एवं खेलकूद गतिविधियाँ, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण व जल संरक्षण जनजागरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## जिले के 70 प्रतिशत मतदाताओं का 2003 की मतदाता सूची से हो चुका मिलान

# जिले में एसआईआर की प्रगति एवं गणना प्रपत्र की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष

- कार्य में कोताही नहीं बरतने के दिए निर्देश

गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। जिसके तहत निर्धारित तिथि तक कार्य पूर्ण किया जाना है। कलेक्टरअभिजीत सिंह ने सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी ईआरओ,



एईआरओ, सभी नगर निगम आयुक्त, सभी सीएमओ नगर पालिका, नगर पंचायत और सर्व सीईओ जनपद पंचायत की बैठक में जिले में एसआईआर की प्रगति और गणना प्रपत्र वितरण की विधानसभावार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि जिले के 70 प्रतिशत मतदाताओं का बीएलओ द्वारा पूर्व में 2003 की मतदाता सूची से मिलान किया जा चुका है। इन मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाया जाना है।

कलेक्टर ने कहा कि गणना प्रपत्र वितरण एवं प्राप्त करने के काम में समय लग सकता है, लेकिन कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की कोताही अक्षम्य होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचक नामावली विशेष पुनरीक्षण के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही गणना प्रपत्र वितरण हेतु बीएलओ के सहयोग हेतु सभी विभागों के अमले को भी क्षेत्रवार कार्य सौंपने के निर्देश दिए। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड पार्षद, गांव एवं क्षेत्र से संबंधित समाज सेवी संस्थाओं एवं समितियों के पदाधिकारियों से भी सहयोग लेने की बात कही। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान कार्य में प्रगति लाने अधिकारियों से भी सुझाव आमंत्रित किए। साथ ही निर्धारित तिथि तक जिले में एसआईआर के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अभिषेक अग्रवाल, उप जिला निवार्चन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, सभी नगरीय निकायों के आयुक्त/सीएमओ, सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ उपस्थित थे।

### ऐसे होगी प्रक्रिया

जिन लोगों की पिछले एसआईआर जो 2003 में बनाई गई थी में नाम है, ऐसे मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची में नाम का क्रम बताना है व जिसका नाम 2003 की सूची में नहीं है उन्हें आवश्यक दस्तावेज गणना प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने गणना प्रपत्र भरने के प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रत्येक मतदाता को 2 गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। एक वह स्वयं अपने पास रखेगा व एक गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को वापस करेगा। दोनों गणना प्रपत्रों में स्वयं की एक-एक रंगीन पासपोर्ट फोटो चस्पा करना अनिवार्य होगा। भरे हुए गणना प्रपत्र को बीएलओ द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि गणना प्रपत्र भरने के बाद यदि मतदाता उपस्थित नहीं है तो घर के कोई भी अन्य सदस्य उसके बदले प्रपत्र पर हस्ताक्षर कर सकता है।

## बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र का कर रहे वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिले में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर संबंधी कार्यक्रम प्रगति पर है। वि धा न स भा वा र बीएलओ द्वारा संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण कर आवश्यक जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। निर्वाचन



आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 4 नवबंर से 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर जाकर गणना का चरण होगा। 9 दिसंबर 2025 को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति की कार्यवाही साथ ही 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) रहेगा तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। आम जनता से अपील की गई है कि एसआईआर कार्य में क्षेत्र के बीएलओ को आवश्यक सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### एसटी/एससी विक्रेताओं के लिए वेंडर-डेवलपमेंट प्रोग्राम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा एसटी/एससी श्रेणी के विक्रेताओं के लिए वेंडर डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन इस्पात भवन में किया गया। 26 विक्रेताओं ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। वेंडर डेवलपमेंट सेल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।
इस अवसर पर ई-निविदा पोर्टल पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें निविदा के लिए लॉगिन करने, निविदा भरने की प्रक्रिया तथा तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।


### श्रीकांत बड़गैया प्रांतीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित दीपक बने महासचिव

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधी अभियंता संघ का प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय महासचिव पद का चुनाव हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाव, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर , कोरबा एवं मड़वा के चारों उत्पादन प्लांट के बहुत अधिक संख्या में अभियंता उपस्थित हुए एवं मतदान में भाग लिया। प्रांतीय अध्यक्ष पद के लिए इंजीनियर श्रीकांत बड़गैया, सहायक अभियंता दुर्ग, इंजीनियर बीबी जायसवाल बिलासपुर एवं इंजीनियर सुरजीत कुमार गुप्ता, अंबिकापुर क्षेत्र द्वारा नामांकन भरा गया, जिसमें से दो अभियंता इंजीनियर बीबी जायसवाल एवं इंजीनियर सुरजीत गुप्ता द्वारा नामांकन वापस ले लिया गया।

## निधन

### सीएन झा

**नवागढ़।** ग्राम गाड़ामोर निवासी



सीएन झा का बुधवार को निधन हो गया। वे प्रधान पाठक राघवेंद्र झा, संतोष झा के पिता एवं आशुतोष, अनुराग, अंकित के दादा थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया, जहां सामाजिक व गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मैत्रीबाग जू में कई जानवर उम्रदराज, नहीं लाए जा रहे नए व आकर्षक वन्य प्राणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मैत्रीबाग जू में नए वन्य प्राणी नहीं लाए जाने से लोगों में चिड़ियाघर के प्रति आकर्षण कम होता जा रहा है। कई जानवर और पक्षी उम्रराज हैं और कुछ सिंगल हैं। इससे इस जू की चमक धीरे धीरे फीकी होती जा रही है। खासकर नन्हें पर्यटक निराश हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले दस पंद्रह साल से मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों की संख्या तेजी से कम हो रही है। एक ओर तो यहां अन्य जू से जानवरों व पक्षियों को गाहे बगाहे ही लाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर कई वन्य प्राणियों की स्वाभाविक मौत के बाद कई वृद्ध हो चुके हैं। वहीं सेंट्रल जू अथारिटी के जानवरों के एक्सचेंज के नियम जटिल होने व लोकल व उच्च प्रबंधन की भी इस मामले में दिलचस्पी कम होने से अन्य जू से यहां वन्य प्राणियों का आवक बहुत कम हो गई है। जू में कुछ साल पूर्व तक 5 लायन थे, जो अब मात्र एक ही बचा है। यह लायनेस भी वयोवृद्ध हो चुकी है। इसके चल बसने के बाद बाड़ा पूरी तरह खाली हो जाएगा। इसी तरह यहां 6 साल पहले तक 6 रांयल बंगाल टाईगर थे, लेकिन वर्तमान में एक भी नहीं हैं, एनक्लोजर खाली पड़ा है। 11 वर्षीय एकमात्र तेंदुआ भी बूढ़ा हो चुका है। पच्चीस साल पूर्व यहां तीन जेब्रा हुआ करते थे लेकिन वर्षों से इनका बाड़ा खाली पड़ा है। मैत्रीबाग में दुर्लभ आधा दर्जन लायनटेल मंकी भी थे लेकिन सभी मौत के बाद अन्य जू से इस प्रजाति मंकी नहीं लाए गए। पर्यटकों ने बताया कि प्रबंधन को जल्द देशी विदेशी आकर्षक व विलुप्तप्राय प्रजाति के जानवर व पक्षी अन्य जू से यहां लाए जाने से मैत्रीबाग की रौनक व राजस्व बढ़ेगा।

## देशी-विदेशी आकर्षक परिंदों और जानवरों की दरकार





### पक्षियों की भी चहचहाहट कम

मैत्रीबाग में जानवरों की तरह परिंदों की भी चहचहाहट कम रहो है। यहां एक एडजूटेंट स्टार्क वृद्ध हो चुका है। उम्रदराज सारस भी एक ही है। आधा दर्जन पक्षी सिंगल हैं। यदि जल्द ही इन प्रजाति के पेयर या नए परिंदें अन्य जू से नही मंगाए गए तो इनके कैज पूरी तरह खाली हो जाएंगे। पर्यटकों ने बताया कि दस साल पूर्व यहां बनबिलाव जैसे आकर्षक वन्य प्राणी थे। कैज अब तक खाली है। इसी तरह दर्जनभर आकर्षक विदेशी बर्ड गोल्डन पीजेंट के भी कैज खाली पड़े हैं। अधिकतर पिंजरों में तोते, लव बर्ड्स और उलूक हैं। नए वन्य प्राणियों की आमद से मैत्रीबाग का राजस्व और पर्यटकों का स्वस्थ मनोरंजन होगा।

## मांग : धर्म स्तंभ काउंसिल की निर्णायक कार्रवाई

# मठ-मंदिर की भूमियों पर अतिक्रमण, 30 दिन में खाली करने की नोटिस व चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

धर्म और समाज के साझा मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित धर्म स्तंभ काउंसिल ने राज्यभर में स्थित मठ–मंदिरों की भूमियों पर अवैध रूप से क़ब्ज़ा जमाए हुए व्यक्तियों और संस्थाओं को औपचारिक नोटिस जारी करते हुए 30 दिनों के भीतर भूमि रिक्त करने का निर्देश दिया है।

■ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और सनातन परंपरा की गरिमा के अनुरूप कदम

काउंसिल ने अपने आदेश में यह स्पष्ट किया है कि मठ-मंदिर की संपत्तियाँ सनातन समाज की आस्था, सेवा और परंपरा की धरोहर हैं। इनका उपयोग केवल धार्मिक, शैक्षिक और लोककल्याणकारी कार्यों के लिए ही होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत लाभ या व्यावसायिक स्वार्थ हेतु। धर्म स्तम्भ काउंसिल ने अपने नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के उस ऐतिहासिक निर्णय का हवाला दिया है जिसमें न्यायालय ने कहा था कि "चाहे कोई किरायेदार या निवासकर्ता कितने भी वर्षों से किसी धार्मिक या ट्रस्ट संपत्ति पर रह रहा हो, वह उस संपत्ति का स्वामी नहीं हो सकता।

**धार्मिक संपत्तियाँ निजी मिल्कियत नहीं, बल्कि सार्वजनिक ट्रस्ट**

धार्मिक और दान–संपत्तियाँ किसी व्यक्ति की निजी मिल्कियत नहीं, बल्कि 'सार्वजनिक ट्रस्ट' के अंतर्गत आती हैं। अतः



ऐसी संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का स्थायी या स्वामित्व अधिकार स्थापित नहीं किया जा सकता। धर्म स्तंभ काउंसिल ने इस निर्णय को आधार बनाते हुए कहा है कि मठ–मंदिरों की ज़मीन पर वर्षों से अवैध रूप से कब्ज़ा किए बैठे लोग सनातन परंपरा के मूल धर्माधिकार का उल्लंघन कर रहे हैं। काउंसिल ने सभी से अपील की है कि वे स्वेच्छा से भूमि खाली करें और इसे धर्म, सेवा और समाजहित में वापस समर्पित करें।

**ऐतिहासिक दायित्व निभा रही है धर्म स्तंभ काउंसिलः सौरव निर्वाणी**

डॉ. सौरव निर्वाणी सभापति धर्म स्तंभ काउंसिल ने कहा कि मठ और मंदिर किसी एक व्यक्ति की संपत्ति नहीं, बल्कि सनातन समाज की आत्मा हैं। यह हमारे धर्म, संस्कृति और लोक–सेवा के केंद्र हैं। धर्म स्तंभ काउंसिल इस समय एक ऐतिहासिक दायित्व निभा रही है, यह केवल भूमि पुनर्प्राप्ति का अभियान नहीं, बल्कि 'धर्म की गरिमा' और 'सांस्कृतिक स्वायत्तता' की पुनर्स्थापना का संकल्प है। राम जानकी मंदिर नवगढ़ के महंत सुरेंद्र दास ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य किसी से द्वेष नहीं, बल्कि न्याय, नीति और नैतिकता की पुनःस्थापना करना है। हम मानते हैं कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ का विषय नहीं, बल्कि एक जीवंत नैतिक व्यवस्था है। जिस भूमि पर धर्म के कार्य के लिए दान दिया गया, उसे किसी भी परिस्थिति में व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए उपयोग करना अधर्म और अनैतिकता है। इसलिए यह पहल 'धर्म–संरक्षण' की दिशा में आवश्यक और उचित है।


### प्रशासनिक निकायों के माध्यम से होगी कानूनी कार्रवाईः काउंसिल

काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि यदि 30 दिनों के भीतर संबंधित व्यक्ति या संस्थाएँ भूमि खाली नहीं करतीं, तो धर्म स्तंभ काउंसिल संबंधित मठों, न्यासों और प्रशासनिक निकायों के माध्यम से कानूनी कार्रवाई प्रारंभ करेगी। साथ ही, सभी मठ-मंदिर समितियों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी संपत्तियों का अद्यतन अभिलेख तैयार करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अतिक्रमण समस्या उत्पन्न न हो। संत समाज के राष्ट्रीय महासचिव और निर्मोही अखाड़ा के महंत नरेंद्र दास ने समाज के सज्जनों से भी यह अपील की है कि यदि किसी के संज्ञान में मठ-मंदिर की भूमि पर कब्ज़ा या अवैध उपयोग का कोई मामला हो, तो वे तत्संबंधी जानकारी काउंसिल को उपलब्ध कराएँ। यह अभियान किसी व्यक्ति के विरुद्ध नहीं, बल्कि धर्म और समाज की पवित्र विरासत की रक्षा के लिए है।

# रातों-रात सागौन और साल के पेड़ों की अवैध कटाई

## रात में गूंजती आरी और कुल्हाड़ी की आवाजें





हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित आसपास के घने जंगल क्षेत्र कोकान, कोणडेकसा, महामाया, कोटागांव और मलकुवर सहित क्षेत्र में इन दिनों लकड़ी माफियाओं के निशाने पर हैं। रातों-रात आधुनिक मशीनों और नई टेक्नोलॉजी की मदद से कीमती सागौन, साल, शीशम जैसे पेड़ों की अवैध कटाई बेरोक-टोक जारी है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार,जंगलों में हर रात कुल्हाड़ियों और आरी मशीनों की आवाज गूंजती है, लेकिन वन विभाग के कर्मचारी मौके से नदारद रहते हैं। हर रात लाखों की लकड़ी कटाई हो रही है। अवैध कारोबार से जहां कुछ लोग मालामाल हो रहे हैं, वहीं दल्लीराजहरा का हराभरा जंगल धीरे-धीरे उजड़ता जा रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरणीय असंतुलन, वन्यजीवों के आवास नष्ट होना और जलस्त्रोतों पर खतरा बढ़ता जा रहा है।

दल्ली राजहरा वन परिक्षेत्र के रेंजर से पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, परंतु उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया, जिससे उनका बयान प्राप्त नहीं हो सका। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी

जिला वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) का पक्ष इस संबंध में जब जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल से बात की गई, तो उन्होंने कहा हमें अवैध कटाई की सूचना मिलते ही संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए जाते हैं यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो सख्त विभागीय कार्रवाई की जाती है,जंगल की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

# जेएलएन अस्पताल निजीकरण के खिलाफ प्रचार अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी जेएलएन अस्पताल के निजीकरण के विरोध में सीटू द्वारा मंगलवार को बोरिया गेट में गेट मीटिंग की गई। यूनियन ने अस्पताल को निजी हाथों में दिए जाने को जनविरोध कदम बताते हुए निजीकरण के कदम को वापस लेने की मांग की। ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। सीटू नेताओं ने कहा कि इस्पात मंत्रालय एवं सेल प्रबंधन ने गुपचुप तरीके से डेलॉइट को अस्पताल पर परामर्श देने के लिए हायर किया एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 अस्पताल सहित विभिन्न अस्पतालों का दौरा भी करवाया, इस दौरे के बारे में भिलाई के चुनिंदा अधिकारियों को छोड़कर किसी को भी खबर नहीं थी सब कुछ गुपचुप तरीके से कर लिया गया। अब खबर सार्वजनिक हुई है कि डेलॉइट ने अपनी रिपोर्ट इस्पात मंत्रालय एवं सेल प्रबंधन को सौंप दिया है जिस पर संयंत्र के उच्च प्रबंधन से राय मांगी जा रही है सीटू ने उच्च प्रबंधन एवं मंत्रालय से दो टूक कहना चाहता है कि डेलोइट द्वारा दिए गए रिपोर्ट को सार्वजनिक करें क्योंकि यह सार्वजनिक उद्योग के अस्पताल का मामला है जो सीधे संयंत्र में कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति कामगारों एवं उनके परिजनों से संबंधित है। सीटू ने कहा कि सेक्टर नौ हास्पिटल के निजीकरण का कोशिश जारी है।हमें मिलकर रोकना होगा इसके लिए सीटू ने संयंत्र के कर्मियों, सेवानिवृत्ति कर्मियों, सभी परिजनों एवं आमजन से अपील किया कि अपनी संबद्धताओं से ऊपर उठकर सीटू सहित जो भी संगठन सड़कों पर उतर रहा है।

एवं विरोध कारवाईयां कर रहा है उनके साथ खड़े होकर अस्पताल की निजीकरण के खिलाफ हो रही लड़ाई को मजबूत करें ताकि अस्पताल को हर हाल में निजी हाथों में जाने से रोका जा सके

### भिलाई का प्रबंधन नहीं चाहता निजीकरण : सीटू

सीटू नेताओं ने कहा कि अस्पताल को निजी हाथों में देने की कोशिश के खिलाफ सीटू लगातार कर्मियों एवं अधिकारियों से चर्चा कर रहा है चर्चा के दौरान यह बात स्पष्ट रूप से सामने आ रही है कि कर्मचारियों के साथ-साथ संयंत्र एवं अस्पताल का प्रबंधन भी इस अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ है एवं वे अपने स्तर पर विरोध दर्ज करवा रहे हैं ।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिए आयुक्त ने बीएलओ से ली जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है, जिसमें बीएलओ डोर-टू-डोर मतदाता गणना पत्रक वितरण का कार्य कर रहे हैं। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर सह निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी सुश्री सिली थामस ने सभी बीएलओ से सभागार कक्ष में चर्चा किये।

चर्चा में गणना पत्रक वितरण के साथ सत्यापन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर अपने बूथ क्षेत्र के नागरिको को गणना पत्रक वितरण कर रहे हैं। बीएलओ से प्राप्त गणना पत्रक में स्वयं का विवरण भरा जाना है साथ ही प्रत्रक के नीचे 2003 की मतदाता सूची में स्वयं का नाम होने पर एन्ट्री करना है या 2003 की स्थिति में स्वयं का नाम शामिल नहीं होने पर पिता/माता का विवरण भरा जाना है। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य निरंतर जारी है। आयुक्त ने निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिको से अपील किये है कि भारत सरकार एवं जिला प्रशासन के कार्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के साथ बीएलओ को सहयोग प्रदान करें। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे उपस्थित रहे।

# दिल्ली में बम धमाके के बाद रेलवे स्टेशनों में चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सोमवार को देर शाम दिल्ली के लाल किले में हुए बम धमाके के बाद जिला दुर्ग में भी पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। रेलवे स्टेशनों में एंटीसेबोटाज टीम व डॉग स्क्वायड से आने जाने वाले रेल यात्रियों के सामानों का चेकिंग शुरू हो गया है। दुर्ग पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी सजग हो गई है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिले की सुरक्षा बढ़ाने का आदेश जारी किया हैं। आदेश पर सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र के भीड़ भाड़ इलाकों में चेकिंग अभियान शुरू कर

■ थाना और चौकी क्षेत्रों में जांच शुरू, भीड़ भाड़ इलाकों में पुलिस की तैनाती

दिया। संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बिलाई-दुर्ग के रेलवे स्टेशनों पर बीती रात से ही आने जाने वाले संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। दिल्ली में धमाके के बाद दुर्ग एवं भिलाई में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र बाजार, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड एवं जिले की सीमाओं में संदिग्ध व्यक्तियों और सामान की चेकिंग की जा रही है। दुर्ग जिले की सीमाओं में भी नाकेबंदी कर वाहनों की सतत चेकिंग चल रहा है। एंटीसेबोटाज़ टीम एवं डॉग स्क्वायड द्वारा भी रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड की चेकिंग की जा रही है। मॉल, सिनेमाघरों और धार्मिक स्थलों पर भी सुरक्षा जांच की जा रही है।

## एंटीसेबोटाज टीम व डॉग स्क्वायड भी मौजूद



### भीड़भाड़ इलाकों में चेकिंग भी

संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जांच और बिना अनुमति किसी को भी भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में संदिग्ध सामान लेकर जाने न दिया जाए। सभी थानों में कंट्रोल रूम से सीधा संपर्क बनाए रखने का भी निर्देश दिए गए हैं। किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई हो सके। शहर के हर जोन में पुलिस की मोबाइल टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। वहीं दुर्ग व भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर स्नैफर डॉग सिम्बा के जरिए संदिग्ध वस्तुओं की पड़ताल की जा रही है।

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा 10 नवंबर से अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हो गया। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव, दिग्विजय कुमार ने बताया कि युवा उत्सव के प्रथम दिन 5 स्पर्धाएं आयोजित हुई। इनमें प्रातः 11 बजे से क्विज प्रतियोगिता सेंट थॉमस कॉलेज, रूआबांधा, भिलाई में आयोजित हुई। इसी प्रकार कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर 7, भिलाई में तात्कालिक भाषण हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम, वाद-विवाद हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से आयोजित किया गया। निर्णायक प्रवेश सोनी, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव एवं अशफाक अहमद, सहायक विकास विस्तार अधिकारी दुर्ग उपस्थित थे। दिग्विजय कुमार के अनुसार 11 नवंबर को प्रातः 11 बजे श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई में स्किट स्पार्धा का आयोजन किया गया। शासकीय वावा पाटणकर कन्या महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग, कोलाज, ऑन द स्पॉट पेंटिंग एवं 12 नवंबर को क्ले मॉडलिंग तथा कार्टूनिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी प्रकार 12 नवंबर को खालसा कॉलेज, मालवीय नगर में प्रातः 10 बजे से रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। 12 नवंबर को प्रातः 11 बजे भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई में समूह लोकनृत्य, जनजाति नृत्य आयोजित होगी। विष्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. डॉ. संजय तिवारी एवं कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी है।

## उद्यान का अवलोकन कर संधारण के दिए निर्देश

# शांति नगर में प्रस्तावित रोड निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत छावनी प्रस्तावित गौ माता चौंक निर्माण, अवैध दुकान एवं बसाहट, शांति नगर में प्रस्तावित रोड निर्माण सहित उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

जोन क्रमांक-2 वैशाली नगर अंतर्गत छावनी चौंक में गौ माता चौंक का निर्माण कार्य प्रस्तावित है, उक्त स्थल का निरीक्षण निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। चौक निर्माण हेतु सक्षम स्वीकृति प्राप्त होने पश्चात निर्माण कार्य कराया जायेगा। गौ माता चौक निर्माण के समीप अवैध दुकान एवं बसाहट है। जिन्हे हटाने सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को निर्देशित किए। वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर में प्रस्तावित नवीन रोड



निर्माण कार्य होना है, उक्त स्थल का आयुक्त एवं वार्ड पार्षद अभिषेक मिश्रा द्वारा स्थल अवलोकन किया गया। रोड निर्माण हेतु सक्षम स्वीकृति प्राप्त होने एवं निविदा प्रक्रिया के माध्यम से निर्माण कार्य कराया जायेगा। आयुक्त ने शांति नगर दशहरा मैदान के समीप उद्यान का अवलोकन कर बच्चो के मनोरंजन के लिए लगाये गये झूला, फिसलपट्टी एवं अन्य खेल उपकरण टूटा हुआ है, संधारण कराने जोन आयुक्त को निर्देशित किये है।

## पेज 9 के शेष

### नपं में 16 लाख के सोलर ...

था, जो प्रशासनिक प्रक्रियाओं और वित्तीय स्वीकृतियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। नियमों के तहत, आचार संहिता के दौरान बड़ी वित्तीय घोषणाएँ और नए कार्य शुरू करना प्रतिबंधित होता है।

**जांच की मांग और कार्रवाई की उम्मीदः** इस पूरे मामले को प्रशासनिक भ्रष्टाचार का एक बड़ा उदाहरण बताते हुए, नागरिक समाज समूहों ने तत्काल उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने कलेक्टर और एंटी करप्शन ब्यूरो से अपील की है कि वे इस खरीद की विस्तृत जांच करें, टेंडर प्रक्रिया और भुगतान किए गए बिलों की समीक्षा करें, और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। नागरिकों को उम्मीद है कि यह मामला 'ठंडे बस्ते' में नहीं जाएगा और सार्वजनिक धन की बर्बादी करने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत 13 ....

परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, सिविल वाद, विद्युत, जलकर व सम्पत्ति कर, टेलीफोन, बैंक रिकवरी प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है। अध्यक्ष द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स लगा कर किये जाने के संबंध में भी चर्चा किया गया। पक्षकारों से आपसी सुलह एवं समझौते से प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने का प्रयास किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया।

**खबर संक्षेप**

### 85 लाख के गबन के मामले में तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** किसानों से बैंक का लोन वसूल कर स्वयं रकम को रख कर बैंक से गबन करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ईसाफ स्माल फायनेंस बैंक शाखा दुर्ग प्रबंधक मोहित देशमुख ने शिकायत की थी कि ग्राम चंदखुरी निवासी हिरन बाई साहू समेत अन्य 239 ग्राहकों से ईसाफ बैंक के लोन के रूप में 85 लाख रुपए वसूल कर आरोपियों ने अपने पास रख लिया था। ऋण लेने वाले उपभोक्ताओं को बैंक से नोटिस मिलने के बाद घटने का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी ग्राम रेंगाकठेरा जिला राजनांदगांव निवासी सतीश कुमार सिन्हा, डोंगरगढ़ टिकेश कुमार, लोरमी जिला मुंगेली अमित कुमार ध्रुव को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया कि बैंक के रकम को वसूल कर स्वयं के उपयोग में लाया गया। आरोपियों ने 84 लाख 98 हजार 940 रूपये खर्च कर गबन किया। कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में पुलिस ने भेज दिया है।

### मुरमुंदा में सड़क हादसे में महिला की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र का है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम मुरमुंदा चौक से गोढ़ी सड़क के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। एक बाइक सवार परिवार समेत सड़क पर गिर पड़ा। तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने महिला को रौंद दिया। घटना 10 नवंबर की रात 8.30 बजे की है। उमदा भिलाई तीन निवासी लोकेश अपनी पत्नी नीलम और मां बिसवंतीन के साथ बाइक से घटियाखुर्द रिश्तेदार के यहां हुआ था। तीनों रात में अपने घर उमदा लौट रहे थे। तभी मुरमुंदा चौक के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त था कि दोनों वाहन सवार सड़क पर गिर पड़े। घटना में लोकेश,उसकी मां बिसवंतीन बाई को गंभीर चोटें आईं। गिरने से पत्नी नीलम रात्रे की साड़ी पास से गुजर रही अज्ञात ट्रक के पिछले हिस्से में फंस गई।

# रेवे में सहस्त्रबाहू जयंती का भव्य आयोजन, एक मंच पर श्रद्धा, संस्कृति और समाज का संगम

## छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज ने परंपरा और भक्ति के रंग में मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ग्राम रेवे (बेरला) में छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज द्वारा भगवान श्री सहस्त्रबाहु जयंती समारोह का भव्य आयोजन अत्यंत श्रद्धा और सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहु के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद मंच पर समाज के वरिष्ठजनों ने अतिथियों का पुष्पमालाओं और स्मृति चिन्हों से स्वागत किया। पूरे आयोजन स्थल पर छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति, पारंपरिक पोशाक और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। योगेश तिवारी अपने प्रेरक संबोधन में कहा भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी का जीवन पराक्रम, नीति और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। मैं प्रार्थना करता हूँ कि भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ सिन्हा समाज सहित पूरे क्षेत्र पर बना रहे।"सिन्हा समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं और छत्तीसगढ़ के राजनीति का क्षेत्र हो या प्रशासनिक पद सब जगह सिन्हा समाज के लोगों अच्छे पदों पर स्थापित है उन्होंने आगे कहा बेमेतरा की विकास की आज चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि प्रदेश में हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जो विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे क्षेत्र मेंमुख्यमंत्री और मंत्रियों के नेतृत्व में निरंतर कार्य हो रहे हैं। शिवनाथ नदी पर अमौरा घाट में बनने वाले डेम से पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी। लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना हमारे क्षेत्र की जीवनरेखा बनेगी।

### आयोजन में दिखी सामाजिक एकता, संस्कृति और परंपरा की झलक



श्री तिवारी ने आध्यात्मिक भाव से कहा - "मेरी माता जी बचपन में भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की कथा सुनाया करती थीं, और आज उसी आस्था के साथ मैं यहाँ आप सभी के बीच खड़ा हूँ। यह समाज निरंतर प्रगति करे, यही मेरी मंगल कामना है। गुलाबी रंग शांति और प्रेम का प्रतीक है । कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। समाज के महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजनों ने एकजुट होकर भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की आरती की और भक्ति गीतों से कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। संपूर्ण आयोजन में समाज की एकता, संस्कृति और परंपरा की झलक ने सभी को प्रभावित किया।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू , विजय सिन्हा अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बेमेतरा, अंजनी प्रीतम सिंह चंदेल सभापति, जिला पंचायत, रवि रघुवीर (पिंटू) सिन्हा सरपंच ग्राम रेवे, रेखा पोषण सिन्हा जनपद सदस्य, दिलीप निषाद सरपंच, डॉ. ईश्वर सिन्हा मंडलेश्वर, बेरला, कामता सिंह सचिव, अजय सिन्हा मंडलेश्वर नवागढ़, पी.आर. सिन्हा, गीता सिन्हा, रेखा सिन्हा महिला मंच , देवलाल सिन्हा, कामदेव सिन्हा , वीरेंद्र जयसवाल, राहुल सिन्हा, तेजेश्वर सिन्हा , भूखन यादव, किशुन साहू, कृष्णा सिन्हा , केदार सिन्हा दिनेश सिन्हा, संजय सिन्हा, जितेंद्र कुमार सिन्हा, अनुजराम जायसवाल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने संदिग्ध मतदाताओं की सूची बनाना शुरू किया, हर बूथ पर कार्यकर्ता तैनात

# एसआईआर को लेकर सियासी सरगर्मी तेज, कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विपक्ष नेता एवं कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग पर लगाए जा रहे लगातार आरोप के बीच कांग्रेस जारी एसआईआर प्रक्रिया पर भी बारिकी से नजर बनाए हुए है। हर बूथ पर अपने कार्यकर्ता को तैनात किए जाने के साथ ही ब्लॉकवार प्रभारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं। वहीं संदिग्ध वोटर मिलने पर उसकी अलग से सूची भी तैयार की जा रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने इस अभियान के लिए पूरी टीम झोंक दी है। 100 दिनों का कार्यक्रम चलाकर जिला, मंडल, बूथ प्रभारी के अलावा शक्ति केंद्र और पन्ना प्रभारियों को भी डोर-टू-डोर संपर्क कर एसआईआर की प्रक्रिया कराने कहा गया है।

- भाजपा ने 100 दिन का अभियान चलाया, डोर-टू-डोर संपर्क से एसआईआर प्रक्रिया पर फोकस

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने आगामी वर्षों में जिन 12 राज्यों में चुनाव होने है, वहां पर एसआईआर यानि गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस प्रक्रिया के तहत सभी मतदाताओं का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इसके लिए हर मतदाता को बकायदा गणना प्रपत्र का फार्म भरवाया जा रहा है। इस प्रक्रिया में मापदंड के अनुसार दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराने वाले मतदाताओं के नाम तक काटे जा सकते हैं। ऐसे में यह प्रक्रिया राजनीतिक पार्टियों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो जाती है। यही कारण है कि हर बूथ पर कांग्रेस और भाजपा ने अपने बीएलए स्तर के कार्यकर्ताओं को इसमें तैनात कर दिया है।

### इनकी कांग्रेस बना रही सूची

कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशीष छाबड़ा से मिली जानकारी के अनुसार पीसीसी से मिले निर्देश पर हर बूथ में कार्यकर्ताओं को विशेष टिप्स दिए गए हैं। बताया गया कि ऐसे मतदाता, जो लंबे समय से यहां नहीं रहते हैं या जिनके नाम दो जगह हैं। ऐसे मतदाता जो मृत हो गए हैं या फिर दूसरे राज्य में रहते हैं. ऐसे लोगों की सूची कांग्रेस तैयार कर रही है। इस सूची को प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपा जाएगा।

**जिले में 6 लाख 70 हजार मतदाता:** प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के चार ब्लॉक में लगभग 6 लाख 70 हजार के करीब मतदाता शामिल हैं। इनमें 98 फीसदी मतदाताओं का आधार सीडिंग का कार्य भी पहले ही पूरा कर लिया ठाया था। अब इन मतदाताओं से बीएलओ तगणना प्रपत्र का फार्म मरवा रहे हैं। ज्ञात हो कि 2003 के एसआईआर में शामिल लोगों को अपने एपिक नंबर की जानकारी देना होगा।

### हर ब्लॉक में बनाए प्रभारी

कांग्रेस ने जहां हर बूथ पर अपने बीएलए स्तर के कार्यकर्ता को तैनात कर दिया है। वहीं हर ब्लॉक के लिए भी प्रभारी बनाए गए हैं, इनमें बेमेतरा के लिए दिनेश पटेल, बेमेतरा ग्रामीण मिथलेश वर्मा, साजा मनोज जायसवाल, थानखमरिया मनहरण सिन्हा, नवागढ़ सुरेन्द्र तिवारी ,संबलपुर शशिप्रभा गायकवाड़, नांदघाट सुशीला जोशी, बेरला रवि परगनिया शामिल हैं। वहीं मंडल एवं सेक्टर अध्यक्ष की भी तैनाती कर दी गई है। सभी से मिले इनपुट के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश संगठन को भेजी जाएगी।

### जमीनी स्तर पर जुटी भाजपा

जिला भाजपा का कहना है कि एसआईआर को लेकर भाजपा ने जमीनी स्तर पर मुहिम छेड़ दी है। 100 दिनों का कार्यक्रम तैयार कर जिला, मंडल के अलावा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही बीएलए टू, बूथ सचिव शक्ति केंद्र के संयोजक, सह-संयोजक और जनप्रतिनिधियों की टीम तैयार की गई है. जो शीघ्र ही डोर-टू-डोर जाकर एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर वोटरों को मदद करेगी। इसके अलावा बूथ अध्यक्षों को मतदाता सूची भी सौंपी गई है।

# पूर्व विधायक लाभचंद बाफ़ना शोक कार्यक्रम में पहुंचे, कार्यकर्ताओं का हाल जाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

पूर्व विधायक संसदीय सचिव लाभचंद बाफना काफी लंबे समय के बाद, थान खमरिया आगमन हुआ। अपने निजी कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश सिंघानिया के निवास पहुंचकर, उनकी छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर, अपनी संवेदना व्यक्त की। परिवार वालों से मिलकर दुख की घड़ी में धैर्य रखने की बात कही। और परिवार को ठाडस बंधाया, पश्चात भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों से मुलाकात कर, हाल-चाल जाना। इसके बाद भागवत कथा स्थल पहुंचकर, कथा व्यास पंडित ओमप्रकाश जोशी से आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की, इसके बाद पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उमा राजेश ठाकुर के निवास में पहुंचकर, कार्यकर्ताओं के साथ जलपान किया। और स्थानीय कार्यकर्ताओं ग्रामीण अंचल से सैकड़ो कार्यकर्ता सरपंचों से मुलाकात की। कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। दौरे का प्रमुख लक्ष्य शोक परिवार से मिलना। ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे, विकास कार्यों की समीक्षा करना था। साथ ही स्थानीय नेतृत्व में समाज स्थापित करना, इसका उद्देश्य था।

- भागवत कथा स्थल व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष से आशीर्वाद और संवाद

पूर्व विधायक लालचंद बाफना ने कार्यकर्ताओं के साथ विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के संदर्भ में विचार विमर्श किया। पश्चात ग्राम करमू , तोरण में भी सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गोवर्धन पटेल, पूर्व सरपंच लोकनाथ पटेल परिवार से मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछे।

# विधानसभा अध्यक्ष के दादा के नाम कॉलेज का हाल-बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया



पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिह के दादा स्व.ठा.महराज सिह का शासकीय महाविद्यालय का बूराहाल है यहाँ केवल दो रेगुलर व्याख्याता शिक्षक के साथ ही लगभग 1100 छात्र-छात्राओ का भविष्य अतिथि शिक्षक के भरोसे चल रहा है,महाविद्यालय की दुर्गति होने का बङा कारण है कि सभी गरीब छात्र-छात्राएं ही यहाँ पठन कर रहे जो बङी जगहो पर जाकर अधिक धनराशि खर्च नही कर पाते है।

- अतिथि शिक्षक के भरोसे 1100 सौ छात्र-छात्रों का भविष्य

क्षेत्र मे उच्च शिक्षा के लिए महज एक ही महाविद्यालय है जिसमे विज्ञान व कामर्स जैसे महत्वपूर्ण विषय के पठन हेतु छात्रों को कवर्धा,दुर्ग,रायपुर,बिलासपुर व भिलाई जैसे शहरो की ओर रूख करना पङता है। दो पालियो मे चलने वाली महाविद्यालय मे पठन कार्य पूरी तरीके से ठप्प है दोनो पाली मे छात्रो को बाजार मे घूमते या कॉलेज कैम्पस मे गप्पे मारते देखा जा सकता है।ईधर प्रभारी प्राचार्य के तीन चार माह मे कॉलेज आने के चलते कार्यलीन कार्य भी प्रभावित हो रहे है।कॉलेज को सत्ताधारीयो ने केवल भाषणबाजी का केन्द्र बिन्दू बना रखा है और कॉलेज की समस्या की ओर किसी को दिलचस्पी नही है यही कारण है कि आज स्थानीय कॉलेज आपने दुर्दिन का आंसू बहा रहा है।महाविद्यालय को प्रतिवर्ष मिलने वाली अनुदान राशि से केवल वार्षिकोत्सव पर ही खर्च की है बाकी कॉलेज परिसर व कक्षो की रखरखाव व रंग रोगन तक के कार्य नही हो पा रहा है,खेल के क्षेत्र मे काफी पिछङे महाविद्यालय मे एनएसएस के छात्रों ने ही शिविर के माध्यम कुछ समाजिक गतिविधियो मे ही दिखाई पङती है।

### 2005 में हुई थी कॉलेज की स्थापना

गौरतलब है कि महाविद्यालय की स्थापना सन 2005 मे पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिह ने अपने दादा स्व.महराज सिह के नाभ पर किया था स्थापनाकाल के 20 वर्ष बाद भी यहाँ की व्यवस्था सुधर नही पायी है आज भी शिक्षको सहित विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे महाविद्यालय मे राजनीतिशास्त्र व अंग्रेजी विषय के केवल दो शिक्षक ही रेगुलर है बाकी 13 अतिथि शिक्षक तथा जनभागीदारी समिति से दो शिक्षक के भरोसे ही लगभग 1100 सौ छात्रों की पठन कार्य चल रही है। महाविद्यालय मे एमए मे समाजशास्त्र, हिन्दी, राजनिति तथा भूगोल विषय तथा एम काम मे यूजी का अध्यापन कार्य बमुश्किल से चल रही है यहां छात्रों व पालको का पीजी की मांग बहूंत पुरानी है परंतु शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है।महाविद्यालय मे शिक्षको की कमी के चलते दो पाली मे संचालित किया जा रहा है है प्रथभ पाली मे विज्ञान व द्वितीय पाली मे कला संकाय की कक्षाएँ लगायी जा रही है।

### चरमराई हुई है व्यवस्था

इस महाविद्यालय के पिछले 10 वर्ष की रिकार्ड देखी जाय तो मैरीट स्तर तक गिनती के छात्रों ने पहुँच पाये होंगे। यहाँ प्राभारी प्राचार्य के रूप मे श्रीमती वीणा त्रिपाठी को पदभार दिया गया जो महिनो मे महाविद्यालय आते है जिससे व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है।पिछले महीने वैलकम पार्टी के नाम पर मुख्य द्वार को बंद कर फूहङ गानो पर छात्र-छात्राओ को अश्लील डांस करने की खबरे चर्चा मे रही है।पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिह ने गृह ग्राम ठाठापुर क्षेत्र सहित थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे उच्च शिक्षा के आभिव को देखते हुए नगर मे कॉलेज की स्थापना की थी जिसे 2007 मे एक भवन तो मिला परंतु 20 वर्ष बाद भी शिक्षकीय व्यवस्था मे सुधार नही आ पाया है।

## डीएवी जांता के शिक्षक दो दिवसीय द्वितीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला

# क्षमता संवर्धन कार्यशाला आने वाले समय में एक मील का पत्थर साबित होगी: प्रशांत कुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा संचालित दो दिवसीय शिक्षक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में नवीन शिक्षण पद्धतियों की समझ विकसित करना, शिक्षण में आधुनिक तकनीकी साधनों का उपयोग बढ़ाना और विद्यार्थियों को केन्द्र में रखकर शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

सभी विषयों के शिक्षक — हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य एवं कंप्यूटर विज्ञान — ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण के दौरान प्रेरणादायक उदाहरणों, समूह कार्यों और व्यवहारिक अभ्यासों के माध्यम से ज्ञान साझा किया। पहला दिन- शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षण पद्धति, आईसीटी उपकरणों का उपयोग, समूह अधिगम एवं उदाहरण आधारित शिक्षण। दूसरा दिन-विषय-वार कार्यशालाएँ, मूल्यांकन, ब्लूम टैक्सोनॉमी और क्रियान्वयन योजना का निर्माण।

तैयार की गई नई शिक्षण तकनीकों को अपनाने की कार्ययोजना शिक्षकों ने प्रशिक्षण के उपरांत अपने विद्यालयों में नई शिक्षण तकनीकों को अपनाने हेतु कार्ययोजना तैयार की। मास्टर ट्रेनरों ने भविष्य में कैस्केड ट्रेनिंग और फॉलो-अप मॉनिटरिंग की आवश्यकता पर बल दिया। क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार ने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि— डी.ए.वी. परिवार का प्रत्येक शिक्षक उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर हो, यही हमारा उद्देश्य है। विद्यालयों में इस प्रशिक्षण के अनुभवों को लागू किया जाना चाहिए। सहायक क्षेत्रीय अधिकारी जोन डी डॉ बी पी साहू ने अपने संबोधन में कहा — इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को आत्ममंथन और नवाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव विद्यार्थियों के अधिगम स्तर पर दिखाई देगा।

### विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम


डीएवी एमपी एस स्कूल जांता के प्रधानाचार्य पी एल जायसवाल ने कहा कि डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 मे आयोजित यह दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से जोड़ता है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। निरंतर सहयोग और अनुवर्ती गतिविधियों के माध्यम से यह पहल निश्चित ही विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए आयाम स्थापित करेगी। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य ने डी.ए.वी. मास्टर ट्रेनरों एवं सभी प्रतिभागी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।


## घरवालों ने जब डॉक्टर से किया संपर्क, तब हुआ मामले का खुलासा

# बच्चे के वोकल कार्ड में फंसा खिलौने का टुकड़ा जेएलएन अस्पताल में इलाज से मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी द्वारा संचालित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर नौ के चिकित्सकों ने फिर एक बच्चे की जान बचाने में सफलता हासिल की है। तीन साल के एक बच्चे के वोकल कोर्ड (स्वरयंत्र) में खिलौने का एक हिस्सा फंस जाने से अचानक उसकी सांस रुक गई । घबराए हुए घर वाले उसे लेकर चिकित्सालय पहुँचे । इसके बाद चिकित्सकों ने बच्ची आपातकालीन विभाग में जांच के बाद पता चला कि बच्चे के श्वसन मार्ग में तीर कमान सैट खिलौने का एक हिस्सा सक्शन कप एरोहेड टिप फंसी हुई थी। उसे तत्काल पीडियाट्रिक आईसीयू में भर्ती कर स्थिर किया गया और ईएनटी आपातकालीन ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया।





### टीमवर्क से मिली सफलता

मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. तनुजा और डॉ. अबानी की एनेस्थीसिया टीम ने नाजुक स्थिति में बच्चे के श्वसन नियंत्रण और एनेस्थेटिक प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली। इस बीच डॉ. अश्विन, अशोक जैसवाल के नेतृत्व में की डॉ. प्रियंका, डॉ. रौशन और डॉ. गिरिधर के सहयोग से, डॉ. प्राची मेने के पर्यवेक्षण में बाह्य वस्तु को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। कुछ ही पलों में बच्चे की सांसें सामान्य होने लगी तब माता पिता ने राहत की सांस ली । उन्होंने जेएलन अस्पताल के डाक्टरों के प्रति कृतज्ञता जाहिर की।

### खिलौने से सुरक्षा जरूरी

बच्चे की जान बचाने के डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ के इस संघर्ष में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर और डॉ. उदय कुमार की चिकित्सकीय टीम के साथ ही ऑपरेशन थियेटर स्टाफ सुषमा, अज्जी, अंशु, संजू सिस्टर, हरी भाई, अंशुल और दिनेश के साथ पीडियाट्रिक आईसीयू, एफ 1 ईएनटी वार्ड और एनेस्थीसिया ग्रुप का योगदान रहा। डाक्टरों ने बताया कि यह घटना चिकित्सकीय कुशलता के साथ एक गहरी चेतावनी भी है। छोटे बच्चों के लिए खिलौनों का चयन करते समय अभिभावकों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। छोटे हिस्सों वाले या श्वासनली में फंसने का खतरा पैदा करने वाले सक्शन टिप्स या प्रोजेक्टाइल्स जैसे खिलौने पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए अत्यंत ख़तरनाक हो सकते हैं। माता-पिता से अपील है कि वे बच्चों के खेलते समय निगरानी रखें, खिलौनों के सुरक्षा लेबल अवश्य पढ़ें और यह सुनिश्चित करें कि खिलौने उम्र और विकास स्तर के अनुसार सुरक्षित हों।



